नवभारत

# 266 'सेरेब्रल पाल्सी' ग्रस्तों की जांच

## फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, मुकुल माधव फाउंडेशन का उपक्रम

संवाददाता

**पुणे.** फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज व मुकुल माधव फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'सेरेब्रल पाल्सी' बीमारी से त्रस्त बच्चों के लिए फिनोलेक्स, मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत 266 मरीजों की जांच की गई. 'सेरेब्रल पाल्सी'ग्रस्तों के लिए दो दिवसीय सर्वंकष मूल्यांकन व जांच शिबीर रत्नागिरी सातारा में फाउंडेशन की ओर से लगाई गई. रत्नागिरी में 79 बच्चे व सातारा में 188 बच्चों की जांच की गई. जरूरत अनुसार शल्यक्रिया व ऑर्थोटीक के लिए सलाह भी दिया गया. इसके लिए पुणे के संचेती, केईम हॉस्पिटल, एच. वी. देसाई हॉस्पिटल व रत्नागिरी व सातारा की वैद्यकीय टीम ने अपना योगदान दिया.




■ फाउंडेशन की प्रबंधकीय ट्रस्टी रितू प्रकाश छाबरिया ने कहा कि अबतक 986 बच्चों का उपचार संस्था द्वारा कराए जाने का उन्हें आनंद है. रत्नागिरी के जिला परिषद अधिकारी, जिला वैद्यकीय अधिकारी डॉ. आठल्ये, अतिरिक्त जिला वैद्यकीय अधिकारी डॉ. ठोमरे , सिविल सर्जन डॉ. भोलंदे, जिला परिषद एजुकेशन डिपार्टमेंट के गवाणे इस समय उपस्थित थे.

**986**

**बच्चों का अब तक किया गया उपचार**

सातारा जिला परिषद के अधिकारी डॉ. कैलाश शिंदे, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर डॉ. भगवान पवार ने इसमें सहयोग दिया. पिछले 20 वर्षों से फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से आरोग्य व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया जा रहा है. उपेक्षितों को आनंद व जीवन जीने की आश जगाने का काम संस्था कर रहा है. आज तक करीब हजारों लोगों के चेहरे पर हंसी लाने का काम इस संस्था ने किया है.

■ सेरेब्रल पाल्सी निर्मूलन अभियान मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से वर्ष 2015 से चलाया जा रहा है. मौजूदा समय में रत्नागिरी (2) व सातारा (4) में 6 फिनोलेक्स पुनर्वसन केंद्र शुरू हैं. सातारा, वाई व पंचगनी केंद्रों पर संचेती हॉस्पिटल, भारती हॉस्पिटल के सहयोग से परामर्श, फिजियोथेरपी व स्पीच थेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. तो पाटण केंद्र पर कृष्णा हॉस्पिटल, कराड के सहयोग से साप्ताहिक फिजिओथेरपी की सुविधा की गई है.

Navabharat Pune Edition
22 May, 2019 Page No. 4